**झारखण्ड सरकार**

**जल संसाधन विभाग।**

सं.सं.–8 / ज. सं.(नि.) ग्रा.– 10 / 2013 :– राँची, दिनांक–

**संकल्प**

विभागीय संकल्प ज्ञापांक– 583 दिनांक– 06.05.2014 तथा 584 दिनांक 06.05.14 द्वारा क्रमशः श्री गुमानी रविदास तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग तथा श्री देवदर्शन सिंह, तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गई थी। जिसके जॉच पदाधिकारी श्री श्याम सुंदर प्रसाद, सेवा निवृत भा. प्र. से. थे। उक्त विभागीय कार्यवाही में संचालन पदाधिकारी का कार्यकाल समाप्त हो जाने के पश्चात् विभागीय संकल्प ज्ञापांक 2829 दिनांक 11.06.15 द्वारा पुनः श्री अशोक कुमार सिन्हा, सेवानिवृत भा. प्र. से. को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया गया। कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा नया विभागीय जॉच पदाधिकारी नियुक्त किये जाने के कारण श्री सिन्हा द्वारा विभागीय कार्यवाही से संबंधित संचिका विभाग को वापस कर दी गई।

2) अतः उक्त विभागीय कार्यवाही में श्री शेखर कुमार वर्मा, सेवानिवृत, झा. प्र. से. को संचालन पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।

3) विभागीय संकल्प ज्ञापांक 583 दिनांक 06.05.14 तथा 584 दिनांक 06.05.15 की अन्य कंडिकायें एवं शर्तें यथावत् रहेंगी।

4) उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

आदेश :– आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति अनुबंध की प्रति के साथ श्री शेखर कुमार वर्मा, सेवानिवृत, झा. प्र. से., टी. ए. डिवीजन बिल्डिंग, गोलचक्कर, धुर्वा, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दी जाय।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,
ह0 / –
(विनय कुमार)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक– राँची, दिनांक –

प्रतिलिपि– अनुबंध की प्रति एवं जॉच संचिकाओं के साथ श्री शेखर कुमार वर्मा, सेवानिवृत, झा. प्र. से., टी. ए. डिवीजन बिल्डिंग, गोलचक्कर, धुर्वा, रांची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
अनु. :– यथोक्त।

ह0 / –
(विनय कुमार)
सरकार के अवर सचिव।

ज्ञापांक– 6294 राँची, दिनांक – 22-12-15

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग / श्री देवदर्शन सिंह, सेवा निवृत कार्यपालक अभियंता, बलदेव भवन के पीछे, शंकर पथ पुनाईचक, पटना, पो.– पुनाईचक, थाना – शास्त्रीनगर, जिला– पटना, बिहार / श्री गुमानी रविदास, प्राक्कलन पदाधिकारी, जल पथ अंचल, चाईबासा / विभागीय बेव मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/12/2015

(विनय कुमार)
सरकार के अवर सचिव।